हरिभूमि
# वनांचल भूमि
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर






बस्तर में पहाड़ी मैना संरक्षण से मैना मित्रों की पहल से जंगलों में बढ़ी संख्या

वन्यजीव संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी की बनी मिसाल

# बस्तर के जंगलों में बढ़ रही पहाड़ी मैना की चहचहाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र में पहाड़ी मैना संरक्षण की अनूठी पहल ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2002 में इस पक्षी को राज्य पक्षी घोषित करने के बाद, इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास निरंतर जारी हैं। विशेष रूप से कुछ वर्ष पहले वन विभाग द्वारा ग्रामीण समुदाय को रोजगार प्रदान करने एवं संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मैना मित्र के रूप में स्थानीय युवाओं को जोड़ा गया। पहाड़ी मैना को ▶▶|शेष पेज 12 पर



### संभावित खतरों की पहचान

उद्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय युवाओं की भागीदारी से मैना मित्र के रूप में ग्रामीण युवकों को रोजगार देकर संरक्षण कार्य में शामिल किया गया। निगरानी और घोंसलों की सुरक्षा, नियमित सर्वेक्षण, घोंसलों का संरक्षण और संभावित खतरों की पहचान की गई। सामुदायिक जागरूकता अभियान में स्थानीय ग्रामीणों को ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पहाड़ी मैना के व्यवहार व प्रवास पर होगी नजर

*बताया जा रहा है कि पहाड़ी मैना के व्यवहार और माइग्रेशन पैटर्न को समझने के लिए सैटेलाइट टेलीमेट्री टैगिंग का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से वैज्ञानिक आने वाले समय में इस दुर्लभ पक्षी की गतिविधियों और मूवमेंट पर सटीक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। पहल संरक्षण प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने में मदद करेगी। विशेषज्ञों का मानना कि सैटेलाइट ट्रैकिंग से प्राप्त आंकड़े न केवल पहाड़ी मैना की बेहतर समझ* ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अपनाए जा रहे संरक्षण के उपाय

*कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि पहाड़ी मैना के घोंसले बनाने की गतिविधियों पर नजर रखते हुए संरक्षण संबंधी उपाय तेजी से अपनाए जा रहे हैं। उद्यान में पहाड़ी मैना का नेस्टिंग सीजन शुरू हो चुका है। इस महत्वपूर्ण समय को देखते हुए पार्क प्रबंधन सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की संभावनाओं को देखते हुए अग्नि* ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### शिविर में सीएसपी समेत अनेक लोगों किया रक्तदान



**जगदलपुर।** भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शनिवार को भगवान महावीर स्वामी के महत्त्वपूर्ण सिद्धांत जीव दया के लिए ओसवाल भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि विशाखापटनम के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं जगदलपुर जैन समाज में लोकप्रिय डॉ. एसपी सिन्हा, ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा एवं ओसवाल जैन युवा संगठन के अध्यक्ष जयेश बरड़िया के द्वारा शुरू हुआ। ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल ने भी रक्तदान किया। शिविर में युवा वर्ग ने हिस्सेदारी निभाई एवं महिलाओं ने भी आगे आकर रक्तदान किया ।

### महापौर ने नागरिकों से शहर संवारने मांगा सुझाव

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने शहर को सुंदर, स्वच्छ और विकसित शहर बनाने के लिए नागरिकों से सुझाव मांगा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम के बजट 2025-26 को सभी के सहयोग से बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने अपने वाटसएप नंबर जारी कर 9 अप्रैल को शाम 5 बजे तक सुझाव भेजने नागरिकों से अनुरोध किया है।

### जैन समुदाय द्वारा नवकार महामंत्र का जाप 9 को

**जगदलपुर।** जैन समुदाय द्वारा भारत सहित 108 देशों में विश्व शांति एवं सौहार्द्र के उद्देश्य को लेकर नवकार महामंत्र का जाप सारे विश्व में एक समय एक साथ किया जाएगा। शहर में कार्यक्रम मांई दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष 9 अप्रैल को प्रातः 8.01 मिनट से 9.36 मिनट तक आयोजित होगा।

### आरक्षण को लेकर ओबीसी महासभा करेगी हल्ला बोल

**घाटलोहंगा।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ की वर्चुअल बैठक गूगल मीट के माध्यम से शुक्रवार को संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की औपचारिक शुरुआत परिचय सत्र से जय जवान, जय किसान ,जय ओबीसी, जय संविधान,जय मंडल के नारे के साथ हुआ । बैठक का स्वागत भाषण कोरबा जिला अध्यक्ष ओबीसी नकुल राजवाड़े के द्वारा किया गया तथा बैठक के एजेंडे पर क्रमशः चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मना कर मासिक ज्ञापन सौंपे जाने एवं प्रदेश पदाधिकारियों का भ्रमण प्रत्येक जिला में किए जाने पर जिला अध्यक्षों ने अपने विचार रखें। 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने के उपरांत लंबित 27 प्रतिशत आरक्षण पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ▶▶|शेष पेज 12 पर

*जमीन खरीदी व बिक्री पंजीकरण हो रहा सरल और पारदर्शी*

# 3617 दस्तावेजों से 37 करोड़ का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में जमीन खरीदी करने वाले उपभोक्ताओं से स्टाम्प और पंजीयन शुल्क के रूप में उप पंजीयक कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड राजस्व हुआ है। इस साल 3617 दस्तावेजों का पंजीकरण हुआ। इससे 37 करोड़ 14 लाख 51 हजार रुपए का राजस्व मिला। यह पिछले साल की तुलना में 4 करोड़ 70 लाख रुपए अधिक है, अब तक का सबसे बड़ा राजस्व है। हालांकि इस साल दस्तावेज की संख्या पिछले साल से कम है, जो पिछले साल से 25 प्रतिशत कम है। वरिष्ठ उप पंजीयक ने बताया कि नगरनार स्टील प्लांट और किसानों को धान की अच्छी कीमत मिलने से उनकी आमदनी बढ़ी। इसी कारण कृषि भूमि की खरीदी-बिक्री में तेजी आई। किसान अब संपत्ति लेन-देन में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। शासन की नई भूमि नीति और दानपत्र निष्पादन योजनाओं ने भी लोगों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। उप पंजीयक कार्यालय भवन में बैठने की बेहतर व्यवस्था, पार्किंग और आधुनिक सुविधाएं हैं, इससे पंजीकरण अब सरल और पारदर्शी



हो रहा है। जिले में अब तक 3617 जमीन रजिस्ट्री से पंजीयन शुल्क और स्टाम्प शुल्क से सरकार को 37 करोड़ एक लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। पंजीयन विभाग के अनुसार मार्च के महीने में 368 रजिस्ट्री की गई। मार्च के अंतिम दिनों में रजिस्ट्री का कार्य तेजी से बढ़ गया ।

रियल इस्टेट कारोबार पर मंदी की मार बताया जा रहा है कि जिले में बड़े-बड़े निवेशकों ने शहर व आस-पास की जमीनें खरीदकर बिल्डर्स के साथ मिलकर बड़ा पूंजीनिवेश किया है। इनमें स्वतंत्र मकान और 5-7 मंजिल की कई इमारत बनाई गईं हैं। करीब एक से दो साल पहले बने अधिकांश आशियानों के लिए अभी तक खरीददारों के आने का इंतजार है। रियल इस्टेट कारोबार पर लगातार मंदी छाई रहने से निवेशकों और बिल्डर्स की बड़ी राशि जाम हो गई है। इसके बावजूद जमीन खरीदी बिक्री में तेजी है।

### 25.54 फीसदी कमी

वरिष्ठ उप पंजीयक मुकेश कुमार अजापाल ने बताया कि वर्ष 2024 एवं 2025 में दस्तावेज लगभग 25.54 फीसदी कमी हुई। कार्यालय से राजस्व का लक्ष्य पूरा करने का प्रयास किया गया था।

# बीजापुर के स्निफर डॉग सोना ने झारखण्ड में जीता चांदी



- 68 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट स्पर्धा में छग पुलिस का किया प्रतिनिधित्व
- बीजापुर बम डिस्पोजल स्क्वॉड में तैनात बेल्जियम शेफर्ड नस्ल के सोना रहा रनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के बम डिस्पोजल स्क्वॉड में तैनात बेल्जियम शेफर्ड नस्ल के डॉग सोना ने झारखण्ट के रांची में आयोजित 68 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में छग पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। स्पर्धा में जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों की पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के खोजी श्वानों ने भाग लिया था। स्पर्धा जीतने के बाद बीजापुर पहुंचेने पर एसपी जितेन्द्र यादव ने बधाई देते हुए ट्रेनर को सम्मानित किया। जानकारी के मुताबिक 68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट ▶▶|शेष पेज 12 पर

### जवानों की सुरक्षा में सोना की अहम भूमिका


बताया जा रहा है कि स्निफर डॉग सोना एक अत्यंत कुशल और अनुभवी खोजी श्वान है जो बीते एक वर्ष से बीजापुर जिले में तैनात है। उसने बम डिस्पोजल स्क्वॉड बीडीएस टीम के साथ मिलकर कई बार आईईडी विस्फोटकों को खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि के बाद बीजापुर पुलिस ने सोना की सफलता को जिले के लिए गर्व की बात बताया। इस तरह की प्रतियोगिताओं में आगे भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टीके नहीं लगने से बच्चे की हालत गम्भीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पैरालिसिस के खतरे से बच्चे को बचाया गया

बीजापुर जिले के फरसेगढ़ से एक 6 साल के बच्चे को गम्भीर स्थिति में 27 मार्च को दोपहर 3 बजे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया। बच्चे का मुंह ठीक से नहीं खुल रहा था शरीर में अत्यधिक अकड़न था। वह बैठ नहीं पा रहा था। बच्चा टेटनस से पीड़ित था। बच्चे के पैर के अंगूठे में कुचला हुआ घाव था।



परिजनों के अनुसार बच्चे को टीके नहीं लगे थे। जांच में टेटनस के लक्षण थे। शिशु रोग चिकित्सक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि बच्चे की गम्भीर स्थिति को देखते हुए आईसोलेट कर इलाज किया गया। उसे अंधेरे और कम ध्वनि में रखकर जरूरी दवाइयां दी गई। लगातार ट्यूब से दूध और भोजन दिया गया। अब बच्चा खतरे से बाहर है कुछ दिनों में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेटनस जानलेवा बीमारी होता है इसमें छाती की मांसपेशियों के पैरालिसिस होने से जान का खतरा रहता है। इसलिए बच्चों का शासकीय टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। वहीं गर्भवती माताओं को टीटी का इन्जेक्शन आवश्यक रूप से लगाना चाहिए इससे नवजात शिशुओं को टेटनस से बचाव होता हैं। बच्चे का इलाज और देखरेख करने में डॉ अनुरूप साहू डॉ, डी.आर मण्डावी ,डॉ बबीता, डॉ प्रियंका, डॉ. तुषार, डॉ. सयाली, डॉ रूपाली दिवाकर तथा डॉ. उदित के साथ नर्स और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

*केशलूर से नेगानार तक राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढों से पटा, लोग परेशान*

# 100 किमी का सफर तय करने में 3 घंटे से ज्यादा समय लग रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केशलूर से नेगानार तक राष्ट्रीय राजमार्ग अत्यधिक जर्जर होने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी सड़क में जनप्रतिनिधियों का आना-जाना होता है, पर मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग 30 जिसकी पहचान गढ्ढों वाली सड़क से हो रही है। गढ्ढे इतने हो गए कि आए दिन हादसे हो रहे है साथ ही लोग काफी परेशान है।

केशलूर से सुकमा समेत प्रदेश को दक्षिण भारत से जोड़ने वाली एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जो वर्तमान में जर्जर हो चुकी है। 100 किमी का सफर तय करने में तीन घंटे से ज्यादा वक्त निजी वाहनों में लग





### सड़क होगी चकाचक

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग सुकमा के एसडीओ दिलीप बारला ने इस संबंध में बताया कि इस सड़क के 34 किमी तक मरम्मत एवं रिनीवल का कार्य टेंडर प्रक्रिया में है। प्रक्रिया पूरी होने पर लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से सड़क को चकाचक किया जाएगा। जिसका कार्य इसी महीने से शुरू होगा।

जाता है, साथ ही गढ्ढे इतने की कब हादसा हो जाएं इसकी कोई गारंटी नहीं और आए दिन सड़क हादसे भी हो रहे है। बस्तर ही नहीं बल्कि सीमावर्ती प्रदेश ओड़िशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना के भी लोग परेशान हो रहे हैं। कुछ गढ्ढे इतने बड़े हैं कि वहां पर कभी भी हादसा हो सकता है। इसके साथ ही कई जगह सड़क के बीच में गढ्ढे है, जिसमें दुपहिया वाहन एवं छोटे वाहन को नुकसान पहुंच सकता है।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, किरण देव ने फहराया ध्वज

# राष्ट्र की सेवा ही भाजपा का मूलमंत्र : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 11 वर्ष में भारत सफलता की नई दिशा में अग्रसर : कश्यप

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने ध्वज फहराया और करोड़ों कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाऊ राम कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन उपस्थित रहे। देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि





कार्यकर्ताओं के कठोर व अथक परिश्रम का ही सुखद परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और पार्लियामेंट से लेकर पंचायत तक देश में भाजपा की सरकार है। राष्ट्र की सेवा भाजपा का मूलमंत्र है, जिसको आत्मसात करते हुये भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देश व संगठन को मजबूत करने सेवा में लीन है। उन्होंने कहा कि शीर्ष पर स्थापित होने के बाद वहाँ कायम रहना सबसे कठिन कार्य है। हम उन पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को न भूलें, जिनकी अनवरत तपस्या व बलिदान से ही भाजपा का यह गौरवमय समय आया है। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि माँ भारती की ▶▶|शेष पेज 12 पर

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, अश्विन सरडे, उमाकांत सिंह, मोहन सिंह, दंतेश्वर राव, रजनीश पाणिग्रही,आर्येन्द्र सिंह आर्य, सुरेश गुप्ता, आलोक अवस्थी, सफीरा साहू, सुधा मिश्रा, अविनाश श्रीवास्तव, संग्राम सिंह राणा, राजपाल कसेर, राणा घोष, शशिनाथ पाठक, ललिता बघेल, राजेश श्रीवास्तव,संतोष त्रिपाठी, सुधीर शर्मा, त्रिवेणी रंधारी, नेहा ध्रुव, लक्ष्मण झा, हरीश पारेख, पंकज आचार्य, विक्रम यादव, विनय राजू, दिनेश केजी, प्रकाश रावल इत्यादि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 12 गांवों में तेलंगाना की बिजली से रोशनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छत्तीसगढ़ की बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रही विद्युत कंपनी
- सड़क नहीं होने के चलते गांवों में पोल, ट्रांसफार्मर पहुंचना मुश्किल था

बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित उसूर एवं कोंटा ब्लॉक के ग्रामों बेदरे, मंकीमारका, साकलोड, पूवर्ती, मुतवेंडी, कुरूस, कांवड़गांव, कोंडापल्ली, धरमावरम आदि 12 ग्रामों में सड़क नहीं होने के चलते छत्तीसगढ़ की बिजली नहीं पहुंच सकी थी। साथ ही गांवों में पोल, ट्रांसफार्मर पहुंचना मुश्किल था। इसके चलते ग्रामीणों में घरों को रोशन करने के लिए सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तेलंगाना की ▶▶|शेष पेज 12 पर

# नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में आईटीबीपी चीफ ने किया सीओबी मोहंदी का भ्रमण

## जवानों व अधिकारियों के साथ मुलाकात कर नक्सल उन्मूलन की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में आईटीबीपी के महानिदेशक राहुल रसगोत्रा ने अबुझमाड के घुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 53वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा स्थापित नवीन सी.ओ.बी. मोहंदी का भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान उन्होंने सीओबी मे तैनात जवानों व अधिकारियो के साथ मुलाकात कर नक्सल उन्मूलन की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही आईटीबीपी चीफ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिये गये लक्ष्य को दोहराते हुए मार्च-2026 तक नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत नक्सल विरोधी अभियानों को आगामी दिनों में और तेज करने के निर्देश दिये। 45वीं एवं 53वीं वाहिनी के सामरिक मुख्यालय नारायणपुर में स्थानीय पुलिस अधिकारियों तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा वर्तमान परिस्थियों, नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान अधीनस्थ थाना, चौकियों, कैम्पों में सावधानी बरतते हुए सतर्कतापूर्वक कर्तव्य निर्वहन करने एवं आगामी समय मे समन्वय स्थापित करते हुए नक्सल विरोधी अभियान मे प्रभावी रूप से कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। स्थानीय पुलिस एवं सुरक्षा बलों के द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर किए जा रहे अभियानों, सड़क सुरक्षा, निर्माणाधीन पुल-पुलियों सहित अन्य सभी प्रकार की ऑपरेशनल एवं प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।






### जवानों से सीधा संवाद

53वी एवं 45वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सामरिक मुख्यालय, नारायणपुर द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बल प्रमुख उपस्थित हुए तथा जवानो से सीधा संवाद किया। सैनिक सम्मेलन में सभी अधिकारियों तथा जवानो से मिलाप कर उनका उत्साहवर्धन किया इस दौरान आईटीबीपी के महानिरीक्षक ओपी यादव, उप महानिरीक्षक राणा युद्धवीर सिंह, उप महानिरीक्षक संजीव रोलबा, चंदन सिंह भण्डारी, नरेन्द्र कुमार सेनानी, संजय कुमार सेनानी, राजीव गुप्ता, प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक, जिला नारायणपुर तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बल प्रमुख के साथ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### हवन, कन्या पूजन के बाद श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम राऊरवाही स्थित माँ दंतेश्वरी मंगलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हवन में भाग लिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर में कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर जगत जननी जगदंबा के स्वरूप मानी जाने वाली कन्याओं का विशेष पूजन किया गया। कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।

### युवक की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत बुदनदंड निवासी 32 वर्षीय मेनुराम कोमरा का 13 मार्च को मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नक्सलियों का आदमी बताकर युवक की पिटाई

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा के दुकान के पास खड़े युवक के साथ अन्य दो लोगो ने मिलकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे मांझीपारा खूटगांव निवासी 30 वर्षीय कमल किशोर मरकाम पिता बालचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल को कोदापाखा मेला देखने गया था। कोदापाखा में मंगतु राम के दुकान के पास खड़ा था। उसी समय शाम करीबन 6 बजे जान पहचान के शलेन्द्र दुग्गा व विषकांत दुग्गा मिलने पर मैने कहा कि भांटो कैसे हो, इस पर शैलेंद्र और विषकांत दुग्गा ने मुझे गाली दिया और हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए आरोपियों ने कहा कि तुम लोग नक्सली के आदमी है। तुम्हे जान से मार देंगे कहते हुए धमकी देने लगे। मारपीट के दौरान मेरे मोबाईल फोन को तोड़ दिया।

## भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस गरिमामयी समारोह के साथ संपन्न

# सीमित संसाधनों से शुरू हुई भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी: लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस का आयोजन रविवार को कोंडागांव स्थित भाजपा जिला मुख्यालय, अटल सदन में उत्साहपूर्वक और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराया। संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा ने जानकारी दी कि 6 से 14 अप्रैल तक स्थापना सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न आयोजन होंगे। 6–7 अप्रैल, कार्यकर्ता अपने घरों में भाजपा का ध्वज फहराएंगे और सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। 8–9 अप्रैल, सक्रिय सदस्य सम्मेलन में संगठन को सशक्त बनाने पर मंथन होगा। 10–11 अप्रैल, घर–घर संपर्क अभियान चलाकर भाजपा की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाया जाएगा। 13 अप्रैल, डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल, संगोष्ठी के माध्यम से भाजपा की विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर चर्चा होगी।

■ कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराया

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल, बाल कुंवर प्रधान, ओम प्रकाश टावरी, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, दयाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भाजपा की वैचारिक यात्रा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक यात्र को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों से शुरू हुई यह पार्टी आज 'सेवा, संगठन और समर्पण के मूलमंत्र पर चलते हुए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को युगद्रष्टा बताया। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### भाजपा का स्थापना दिवस धनोरा मंडल भव्य रूप से मना

**धनोरा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस धनोरा मंडल में भव्य रूप से मनाया गया। धनोरा मंडल के वरिष्ठ जनों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें श्रीफल एवं भाजपा गमछा से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित धनोरा मंडल के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा,श्रवण दीपक जनपद पंचायत केशकाल के जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई जी धनोरा मंडल के महामंत्री श्रीराम यदु जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश यादव, अजय मिश्रा, संजय प्रधान पातीराम, चौधरी जयसवाल संजय सेठिया रमेश उसेंडी राकेश पोटाई एवं धनोरा मंडल के समस्त श्रेष्ठ कार्यकर्ता गढ़ के उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।





# पंडुम स्पर्धा में वाद्य यंत्रों के लिए कांकेर पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दंतेवाड़ा में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडूम के दौरान जनजाति संस्कृति के वेशभूषा, खान-पान, गीत-संगीत, नाट्य, नृत्य, शिल्प कला पर आधारित प्रतियोगिता में जनजातीय वाद्य यंत्र में कांकेर जिला प्रथम स्थान पर रहा। विजयी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजेता प्रतिभागियों को 50 हजार रुपए की राशि का चेक, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कांकेर जिले के कोयलीबेडा ब्लॉक को जनजातीय वाद्य यंत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए कोयलीबेड़ा ब्लॉक के मोहनलाल उसेंडी और पंकज उसेंडी को केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने मंच पर पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने जिले की सभी विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसी तरह जनजाति नृत्य शैली में कांकेर और सुकमा जिले को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### नवागढ़ का दो दिनी मेला 9 एवं 10 को

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत जेठगांव के आश्रित ग्राम नवागढ़ में परगना दो दिवसीय देव मेला 9 एवं 10 अप्रैल को आयोजित किया गया है। ग्राम पंचायत जेठगांव के सरपंच मानिक लाल दुग्गा, ग्राम पटेल मनेश उयके, ग्राम गायता संतुराम उयके एवं वेदप्रकाश नेताम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम नवागढ़ में दो दिवसीय परगना देव मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के देवी देवता, पटेल, पुजारी, ग्रामीण व्यापारी एवं आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे।

# भाजपा कार्यालय कमल सदन में भाजपा का 46वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय जनता पार्टी के 46 वाँ स्थापना दिवस भाजपा कार्यलय कमल सदन में 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया और भाजपाईयों ने 46 वर्षो में संघर्ष किया और उसका परिणाम रहा कि देश में भाजपा की सरकार 2014 से है।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि स्थापना दिवस 6 अप्रैल 1980 से आज 2025 में एक वट वृक्ष बन चुका है, जिसके 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य है। इस पार्टी को भाजपा के संस्थापकों ने अपने खून से सींचा और कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या , मेहनत के बूते आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। आजादी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जवाहर लाल नेहरू की कश्मीर और तुष्टिकरण की नीतियों का विरोध करते मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की जो आगे चलकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश मे एक नई पार्टी बनी। 1980 से लेकर आज पार्टी उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। 1996, 1998 और 1999 में भाजपा केंद्र की सत्ता में आई।

## पेज 11 के शेष

### बस्तर के जंगलों में...

राज्य पक्षी घोषित किया गया, जिसके बाद इसके संरक्षण की आवश्यकता को लेकर वन विभाग सक्रिय हुआ। हालांकि वास्तविक संरक्षण प्रयासों को गति पिछले कुछ वर्षों में मिली, जब वन विभाग ने स्थानीय युवाओं को मैना मित्र के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसके तहत 10 स्थानीय युवाओं को चयनित किया गया, जिनका मुख्य कार्य पहाड़ी मैना की निगरानी, घोंसलों की सुरक्षा और समुदाय में जागरूकता फैलाना है। बस्तर क्षेत्र में पहाड़ी मैना के संरक्षण की यह पहल वन्यजीव संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी की एक शानदार मिसाल बनी है। ग्रामीण युवाओं की सहभागिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वन विभाग के प्रयासों के कारण इस दुर्लभ पक्षी की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

50-60 के झुंड में उड़ते देखी गई पहाड़ी मैना

पहले यह पक्षी मुख्य रूप से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 10 से 12 स्थानों पर ही देखा जाता था, लेकिन मैना मित्रों की सतत निगरानी और जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप वर्ष 2022-23 तक इनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और 50-60 के झुंड में उड़ते देखे गए। वर्ष 2024 तक पहाड़ी मैना की उपस्थिति बस्तर के 25 से अधिक गांवों में दर्ज की गई। घोंसलों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे इनके संरक्षण को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। अब यह पक्षी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान से सटे 35 गांवों, बस्तर वन मंडल के माचकोट क्षेत्र, कोंडागांव जिले के कुछ हिस्सों, सुकमा जिले के कई स्थानों, दंतेवाड़ा के बचेली क्षेत्र और ओडिशा के मलकानगिरी डिवीजन में भी देखे जा रहे हैं।

### संभावित खतरों की...

पहाड़ी मैना के महत्व, उसके संरक्षण की आवश्यकता और पर्यावरण संतुलन में इसकी भूमिका के बारे में शिक्षित किया गया। वैज्ञानिक अध्ययन एवं आंकड़ों का विश्लेषण से वन्यजीव शोधकर्ता द्वारा पक्षी की संख्या, व्यवहार और फैलाव पर निरंतर अध्ययन किया जा रहा है।

### पहाड़ी मैना के व्यवहार...

में सहायक होंगे, बल्कि इसके संरक्षण के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहाड़ी मैना की नेस्टिंग पर विशेष ध्यान, आग की घटनाओं की रोकथाम पर भी सतर्कता रहे।

### अपनाए जा रहे...

घटनाओं की रोकथाम पर भी विशेष जोर दिया गया है। उद्यान के मैदानी कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ फील्ड में कार्यरत हैं, ताकि न केवल पक्षियों का प्राकृतिक आवास सुरक्षित रह सके, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रबंधन का कहना है कि पहाड़ी मैना जैसे दुर्लभ पक्षियों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### बीजापुर के स्निफर डॉग...

प्रतियोगिता में छग का प्रतिनिधित्व करते हुए बीजापुर जिले में तैनात विस्फोटक खोजी श्वान सोना ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित की गई थी। बीडीएस टीम में तैनात सोना ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा इसे प्रशस्ति पत्र और रजत पदक से सम्मानित किया गया। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉग हैंडलर आरक्षक सोमन कुमार रिगरी को बधाई दी और पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से न केवल बीजापुर पुलिस बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग का मान बढ़ा है।

### राष्ट्र की सेवा ही...

सेवा का संकल्प लेकर भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ता कार्य करते हैं। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सफलता की नई दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। संगठन सशक्त हो, राष्ट्र उत्तरोत्तर उन्नति करें, इस संकल्प को सिद्ध करने भाजपा का हर कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहे। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। छग राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा का बल हैं। जनता से सीधे जुड़ कर देश व दल को सशक्त बनाने का अतुलनीय कार्य भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता ही करते हैं। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव ने किया।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र

बिजली बंद होने पर सुधारने में परेशानी होती है, क्योंकि उस राज्य के कर्मचारी समय पर स्थल नहीं पहुंचते है। इसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से छत्तीसगढ़ की बिजली देने की मांग की थी। वर्तमान में विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना के तहत उक्त गांवों में विद्युतीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। गांवों में हो रहे विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी ने अपनी टीम के साथ किया।

ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्युतिकरण कार्य कर रहे ठेकेदार को निर्देश दिया गया कि विद्युतिकरण शीघ्र ही पूरा करें, जिससे ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ की बिजली दे सकें।

### आरक्षण को लेकर ओबीसी...

के नाम पर ज्ञापन तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर के माध्यम से दिए जाने आम सहमति बनी, इस हेतु सभी पदाधिकारी को अपने-अपने स्तर पर तैयारी हेतु सुझाव दिया गया तथा ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मुलाकात किए जाने पर भी विचार किया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से आयोजन के लाभ उठाने की अपील की है

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कल से तीन चरणों में मनाया जाएगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से अवगत होने के उद्देश्य से राज्य में सुशासन तिहार -2025 का आयोजन का आगामी 08 अप्रैल से 31 मई के बीच तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद होगा। इस तिहार के माध्यम से हम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ली जाएगी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सुशासन तिहार 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। सुशासन तिहार 2025 का पहला चरण आगामी 08 से 11 अप्रैल तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों का समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। दूसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और यथासंभव समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधि तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे।

### विकास कार्यों का होगा निरीक्षण

मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च अधिकारी प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है और लोगों को उनका लाभ मिल रहा है। तिहार को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया, समाधान की निगरानी और जनता के साथ संवाद के लिए विशेष पोर्टल और मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की आम लोगों से अपील

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि सुशासन तिहार 2025 सफल हो सके और प्रदेश में सुशासन की स्थापना की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित हो सके।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 320 पशुओं का हुआ इलाज

**जगदलपुर।** ग्राम छोटे कवाली में प्रशिक्षण एवं पशुचिकित्सा शिविर निदेशक अनुसंधान सेवायें, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्याल, दुर्ग तथा वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा टी.एस.पी.-नेटवर्क प्रोजेक्ट, आई.सी.ए.आर.-एन.बी.ए.जी.आर. परियोजना अतंर्गत ''छत्तीसगढ़ के देशी पशु अनुवांशिक संसाधनों का सतत उपयोग पर प्रशिक्षण एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुपालकों को छत्तीगढ़ के देशी पशुओं के अनुवांशिक गुणों के महत्व के संबंध में डॉ. नितेश कुम्भकार, प्राचार्य वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर द्वारा जानकारी प्रदाय किया गया। साथ ही बताया गया कि देशी पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता संकर नस्ल के पशुओं की अपेक्षा अधिक होती है इसलिए देशी पशुओं के नस्ल के संरक्षण करने की आवश्यकता है। साथ ही पशुचिकित्सा शिविर अतंर्गत गाय, बकरी, भेंड़, एवं मुर्गी सहित कुल 320 पशुओं का इलाज किया गया। जिसमें पशुओं का डिवर्मिंग, बाह्य परजीवी नाशक दवाई का छिड़काव तथा विभिन्न बिमारियों का इलाज किया गया। साथ ही पशुपालकों को पशुओं हेतु पोषक आहार मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम सीरप एवं दवाईयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के उपसरपंच महोद्य श्री अनंत राम नाग जी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के डॉ. राजेश वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, अमन कश्यप, किरण कुमार एवं वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के छात्र-छात्राए एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खनिज व पर्यावरण संरक्षण पर बजरंग माइंस को 3 पुरस्कार

**दुर्गुकोंदल।** रायपुर में आयोजित आठवें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में गोयल ग्रुप की श्री बजरंग आयरन और माइंस को तीन पुरस्कार मिले। ज्ञात हो कि दिसंबर माह में खान पर्यवरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम के तहत खदानों का निरीक्षण किया गया था और उस समय खदान का निरीक्षण करने आए सदस्यों ने बजरंग माइंस प्रबन्धन की जमकर तारीफ की थी। उस कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे शासकीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के छात्र चंचल दुग्गा द्वारा बनाई गई पेंटिंग को भी राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बजरंग माइंस को मिनरल कन्जर्वेशन के लिए प्रथम, मिनरल बेनिफिकेशन के लिए द्वितीय तथा वेस्ट डम्प मैनेजमेंट के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## महापौर की उपस्थिति में बोर खनन कार्य का शुभारंभ

# पानी उपलब्ध होने पर सैकड़ों परिवारों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा एवं दिशा निर्देश पर महापौर संजय पांडे के प्रयास से एवं जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता

- विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा से हुआ बोर खनन
- गुरु गोविंद सिंह वार्ड में 4 बोर खनन हुई स्वीकृत



एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पानी की समस्या से निपटने वार्ड क्रमांक 36 मे स्थित प्रधानमंत्री अटल आवास मे बोर खनन का कार्य शनिवार को पूजा पाठ करके प्रारम्भ किया गया। निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से निजात पाने के लिए नगर निगम ने लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डों के लिए 27 बोरिंग स्वीकृत कराया गया है जिसमें गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लिए 4 बोरिंग स्वीकृत हुए हैं। जिसमें पटेल पारा, प्रधानमंत्री अटल आवास, अघनपुर एवं धरमपुरा है। महापौर ने कहा इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर सैकड़ो परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। महापौर ने विधायक किरण देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है। सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है। जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा नगर निगम को 27 बोरिंग की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सभी का धन्यवाद प्रेषित करना चाहता हूं। विधायक देव के दूर दृष्टि एवं जनता के प्रति भावनात्मक लगाव से यह कार्य संपन्न हो रहा है। वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा जगदलपुर के ऊर्जावान विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड में बोरिंग स्वीकृत हुई है वार्ड वासियों की तरफ से मैं उन्हें धन्यवाद प्रेषित करता हूं। महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता के अथक प्रयास से यह काम संभव हो सका है। मैं उन्हें भी धन्यवाद प्रेषित करता हूं। विधायक एवं सांसद जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। इस अवसर पर सभापति लक्ष्मण झा, श्याम सुन्दर बघेल, आशा साहू, उर्मिला यादव, पंकज आचार्य, सुरेश कश्यप, सूर्यभूषण सिंह, दिलीप ठाकुर, संतोष त्रिपाठी, नीलिमा यादव, किशन शेट्टी, किशन राव, गोरेश्वरी, ललित मोहन सिंह, सन्मति यादव, के ज्योति, लता देवांगन, अमित, बिरसाय सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# रामभक्तों को लगाया चंदन तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर संभाग मुख्यालय रविवार को सम्पूर्ण राममय हो गया,जब शहर के सभी सडको में युवक,युवतियां,मातृ शक्तियां,पुरुष कर्मकर्ता छोटे-छोटे बच्चे एवं वरिष्ठजन सभी रामभक्ति में डूबे रहे। शहर पूरा भगवामय में परिवर्तित रहा। हर श्रद्धालू भगवान राम की सेवा में जुटा रहा।

इस दौरान गोल बाजार युवा समिति एव आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी ने हर साल की तरह इस साल भी रामनवमी पर तिलक सेवा आयोजित की। काशी विश्वनाथ के विशेष चंदन से लोगों को त्रिपुंड तिलक लगाया गया। गोल बाजार चौक से रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल होने जा रहे लोगों के माथे पर तिलक लगाया गया। लोगों के माथे पर तिलक की दिव्यता देखते ही बन रही थी। तिलक सेवा में जुटे आदित्य वाहिनी के अनिल सामंत और प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि आयोजन का यह चतुर्थ वर्ष है। हर साल लोगों में सनातन चेतना के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में जब लोग त्रिपुंड तिलक लगाकर शामिल होते हैं तो सनातन जागृति का एहसास होता है। इस मौके पर जय-जय श्री राम के जयकारे लगते रहे। इस दौरान राकेश रथ, अनूप मेहरा, शिव महंती, राकेश साहू, प्रवीण द्विवेदी, राकेश विश्वकर्मा, संजय सामंत, भुजबल भतरा, आकाश मिश्रा समेत अन्य सम्मिलित थे।

# खदान मजदूर संघ ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** श्रमिक हित, उद्योग हित के साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि के सूत्र वाक्य के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री मंत्री केदार कश्यप को एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित पुनरीक्षित वेतनमान के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। एनएमडीसी



लिमिटेड के श्रमिकों का पुनरीक्षित वेतनमान 1 जनवरी 2022 से लंबित है। एनएमडीसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा पुनरीक्षित वेतन समझौते का अनुमोदन उपरांत आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय प्रेषित किया गया था, किंतु वहाँ से आगामी कार्रवाई लंबित थी। आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु सांसद महेश कश्यप के संज्ञान में लाने पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए केन्द्रीय इस्पात मंत्री से श्रम संघ के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक इस्पात भवन, नई दिल्ली में आहूत की गई।

# अपार आईडी एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाने में तेजी लाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

कलेक्टर एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सण्ड्रापल्ली में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कण्डिक नारायण की अध्यक्षता में बैठक हुई। समस्त प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, अधीक्षकों को अपार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्राथमिकता के साथ बनाये जाने युद्ध स्तर प्रयास करने निर्देशित किया गया। जिन बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे तहसील कार्यालय से संपर्क माह अप्रैल माह के अंत तक बनाने को कहा गया। कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को शाला परिसर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर फोटोग्राफ ग्रुप में भेजने, शाला में शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले अभी से शाला की व्यवस्थाओं सुधार करने, कक्षा पहली में आंगनवाड़ी बच्चों को प्रवेश दिलाने, कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं में, कक्षा 8 वीं में उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं में, कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं में शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने, शत प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड इस माह के अंत तक बनाने, शाला त्यागी बच्चों को निरंतर स्कूल लाने के प्रयास करने निर्देशित किया गया।


सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम श्रीनिवास एट्ला ने सभी से निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में बीआरसी यालम शंकर, नोडल अनिल जाटव, नंदकुमार मारकोण्डा संकुल प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयक, प्रधान अध्यापक एवं अधीक्षक उपस्थित रहे।

# पोल में खींची केबल से विद्युत दुर्घटना होने की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों अनुसार विद्युत कंपनी ने क्षेत्र के टीवी केबल ऑपरेटरों को नोटिस दिया गया कि वे पोल में खींची गई केबल को 15 दिन के अंदर हटाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि पोल में केबल खींची होने से विद्युत दुर्घटना होने की संभावना बढ़ी रहती है, जिसे रोकने के

- टीवी केबल ऑपरेटरों को दिया नोटिस व 15 दिन में पोल से केबल हटाएं



लिए पोल से केबल हटाना जरूरी है। इसके लिए विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम के निर्देश पर लाईनमेन पोल का सर्वे किया।

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी राजपत्र 12 मार्च 2021 द्वारा राज्य में दूरसंचार एवं अव संरचना के विकास के लिए तार मार्ग का अधिकार नीति 2021 लागू की गई है। छत्तीसगढ़ दूर संचार तार मार्ग के अधिकार की नीति 2021 में भारत सरकार द्वारा ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड, वायरलेस और वायर लाईन कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क परियोजना एवं भारत नेट परियोजना के माध्यम से ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लिए सेवा प्रदाता को अनुमति देने के संबंध में लेख किया गया है, पर मार्ग का अधिकार नीति 2021 में टीवी केबल ऑपरेटर के संबंध में उल्लेख नहीं किया गया है। इसलिए क्षेत्रांतर्गत टीवी केबल ऑपरेटर के संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर उक्त मार्ग का अधिकार नीति 2021 के संबंध में अवगत कराएं।

नीति 2021 के अनुसार टीवी केबल ऑपरेटरों का केबल, जो सीएसपीडीसीएल के खंभे से खीची गई है, को तत्काल हटाने हेतु निर्देशित करें अन्यथा 15 दिवस के भीतर नोटिस देकर अलग कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी टीवी केबल संचालकों की स्वयं की होगी।

### डीई, एई व जेई को दिए निर्देश



विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि पोल से खींची गई केबल को हटाएं।



# सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम की अरुण कक्षा से पांचवी कक्षा तक की कन्याओं का कन्या पूजन कार्यक्रम विद्यालय में रखा गया। सभी कन्याओं का चरण धोकर पैर में आल्ता माहुर लगाया गया, तिलक, चंदन, अक्षत व पुष्प से कन्याओं का स्वागत किया गया। सबको फलाहार कराया गया व आरती की गई। संसार के कल्याण व विद्यालय के बच्चों को सद्बुद्धि प्रदाय हेतु विधिवत कन्या पूजन करके आशीर्वाद लिया गया। भारतीय संस्कृति के समस्त परंपराओं को विद्यालय परिवार द्वारा उत्सव की तरह मनाया जाता है।रामनवमी के दिन विद्यालय के भैया बहन शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी बनाकर शामिल होते हैं। इस वर्ष भी विद्यालय के भैया बहनों द्वारा मनमोहक व आकर्षक झांकी राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी का रूप धारण करवा कर शोभायात्रा में शामिल होंगे व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सभी कन्याओं का आरती, पूजन, वंदन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# भाजपा ने मनाया 45वां स्थापना दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस हर्ष के साथ भाजपा कार्यालय चितालंका में विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि के उपस्थिति में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली ने नेतृत्व में पार्टी का झंडा फेहरा कर एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, अटल बिहारी वाजपेयी, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विधायक अटामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होकर आज 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रुपन मंडल ने किया एवं आभार व्यक्त पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रवण कड़ती ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर,रामु नेताम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष खिरेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# हमारी पार्टी से कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बनता है : लच्छू



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

कामानार सामुदायिक भवन मे भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र मे माल्यार्पण कर पार्टी का झंडा फहराया गया। उसके

- भारतीय जनता पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चित्रकोट लच्छू राम कश्यप ने कहा कि हमारी पार्टी और संगठन एक कार्यकर्ता आधारित दल है जो की कार्यकर्ताओं की भावनाओं का पूरा सम्मान करता है। हमारी पार्टी एक ऐसा दल है, जिसका कार्यकर्ता प्रधानमंत्री बनता है, प्रदेश अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष बनता है और पार्टी के सभी दायित्वों का निर्वहन करता है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप (पीडी) ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य हैं। दरभा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम ने कहा कि दीनदयाल के उद्देश्य को लेकर अंत्योदय योजना प्रारंभ की। अंत मे कार्यक्रम प्रभारी फूलसिंह सेठिया ने कहा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 को बूथ चलो अभियान के तहत सारे कार्यकर्ता गांव मे प्रवास करेंगे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, भोला श्रीवास्तव, गागरा राम नाग, मुन्नू सिंह, दुर्जन कश्यप, महादेव नाग, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश पांडे,के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# चैत्र नवरात्रि पर शिव मंदिर में सुंदरकांड और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार





दंतेवाड़ा जिले के नकुलनार ग्राम पर प्राचीन मनसुखेश्वर बाबा धाम अर्थात शिव मंदिर में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य पर ग्रामवासियों के सौजन्य से भव्य धार्मिक आयोजन हुआ. ग्राम की युवा समिति द्वारा कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का बेहतरीन संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ और भजन गायन से शुरू हुई, नागेश मिश्रा, अभिषेक राठौर और निहाल ने टीम वर्क करते हुये पूरा भक्तिमय माहौल बना जिससे भक्तिमय माहौल के बीच मौजूद लोग श्रीराम स्तुति में मग्न होकर पूजा अर्चना कर रहे थे।

इसके पश्चात सामूहिक कन्याभोज का आयोजन किया किया जिसमें गांव की कन्याओं को ससम्मान भोजन कराकर उनका पूजन करते हुये शैफाली भदौरिया व ज्योति भदौरिया व ज्योति गौतम ने कन्याओं को पर्स, बॉटल और फल फूल सामग्री भेंट की गई. इसके बाद शुरू हुआ भव्य भंडारा जिसमें नकुलनार के आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

चैत्र नवरात्रि पर हुआ यह आयोजन ग्रामवासियों की सामूहिक आर्थिक सहयोग सहभागिता से हर साल मनाया जाता है. जिससे गांव में आपसी भाईचारा और सनातन को बल मिलता है। आयोजन समिति से सदस्य प्रभाकर राठौर, सुधीर चौहान, रमेश प्रताप, सूरज चौहान नर बताया कि नकुलनार में हर कार्यक्रम में बड़ो का सहयोग मिलता है, हरीश गौतम, अनोज भदौरिया, प्रमोद भदौरिया द्वारा विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. हमारे युवा साथी अमित भदौरिया, संदीप भदौरिया, मनोज राठौर, धीरू ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। इस तरह से नकुलनार शिव मंदिर का आयोजन पूरी तरह से भक्ति और सेवा का केंद्र ग्रामवासियों के सहयोग से बना रहा।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संसद में उठा इंद्रावती जलसंकट का मामला



**जगदलपुर।** बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी में जोरा नाला के जल प्रवाह को लेकर उत्पन्न जल संकट पर संसद में सांसद महेश कश्यप ने मामला उठाया। जगदलपुर में पानी की गंभीर समस्या और हजारों एकड़ में सूखती फसलों की पीड़ा को रखते हुए जलशक्ति मंत्री से जोरा नाला एवं इंद्रावती नदी के बीच हुए 50-50 प्रतिशत जल वितरण समझौते के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग सांसद ने की।

### स्थापना दिवस पर निवास में लगाया पार्टी का ध्वज



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज युवा नेता व गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ने अपने निवास पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाकर समस्त भाजपा के वरिष्ठजनों,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

### निवास पर फहराया पार्टी का ध्वज



**जगदलपुर।** अंत्योदय का संकल्प लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धांत पर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा ने घर पर भाजपा का ध्वज फहराया।

### टमाटर 8 व करेला 60 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** रामनवमी के चलते इस रविवार को साप्ताहिक बाजार में भीड़-भाड़ ज्यादा दिखा, पर व्यापारियों के अनुसार सब्जी का कारोबार मंदा रहा। बाजार में टमाटर 8, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### बस्तर लोक संस्कृति संरक्षण समिति गठित



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के कला एवं संस्कृति में रुचि रखने वालों के साथ मिलकर संभागीय बस्तर लोक संस्कृति संरक्षण समिति का गठन किया गया है जिसका कार्य क्षेत्र संपूर्ण बस्तर संभाग है। इस संस्था के स्थापना के पश्चात क्षेत्रीय पंजीयक कार्यालय से पंजीयन भी कर लिया गया है। वर्तमान में संस्था के अध्यक्ष रुद्र नारायण पाणिग्रही को चुना गया है। पाणिग्रही ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संस्था का प्रमुख उद्देश्य बस्तर अंचल की क्षेत्रीय संस्कृति एवं भाषा बलियो के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अकादमिक कार्य करना है, बस्तर अंचल की लोक कला के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रयास करना है।

नागपुर से शिव गर्जना दल के 60 कलाकारों का नृत्य भाव भंगिमा रहा आकर्षण का केंद्र

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





रामनवमी पर शहर में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली। इस दौरान पूरा शहर राममय हो गया। शहर का हर सड़क भगवा रंग में पटा रहा। शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रामभक्त भगवा और पीताम्बर वेश धारण कर मस्तक में त्रिपुंड और सिर पर साफा बांधे डीजे की धुन पर जय-जय श्रीराम के जयकारे के

- पूरा शहर जय-जय श्रीराम के जयकारे से गूंजता रहा

साथ पूरे शोभायात्रा मे थिरकते रहे। अनेक रामभक्त हाथों में तलवार का प्रदर्शन भी करते चल रहे थे। शोभायात्रा में नागपुर से पहुंचा रक्षक धर्म के 60 शिवभक्तों का दल हर चौक चौराहे में शिव गर्जना दल प्रदर्शन करते रहे जो आकर्षक का केंद्र बना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या ने रामभक्त रक्षक धर्म के प्रदर्शन का आनंद लिया।

भव्य -दिव्य शोभायात्रा दंतेश्वरी मंदिर के सिंहड्योढ़ी से प्रारम्भ होकर पैलेस रोड, हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा पेट्रोल पंप चौक, कलेक्टोरेट रोड, चांदनी चौक, शहीद पार्क, स्टेट बैंक चौक, मेंन रोड होते हुए जयस्तम्भ चौक गोल बाजार, भगवान जगन्नाथ मंदिर से होते हुए वापस दंतेश्वरी मंदिर में महाआरती व प्रसाद वितरण के पश्चात सम्पन्न हुआ। विहिप जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने बताया शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के समस्त 7 प्रखंडों के रामभक्त भव्य शोभायात्रा में सम्मलित हुए। शहर समेत गांव देहात में निवासरत सनातनियों ने बढ़-चढ़ कर शोभायात्रा में योगदान दिया। विहीप के द्वारा समूचे शहर व गांव-गांव में भगवान श्री राम के भक्ति वातावरण निर्मित करने के लिए सभी प्रखंड में केशरिया ध्वज लगाया गया था।

शोभायात्रा के पहले दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष बने मंच से वक्ताओं ने श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। तुरंगा आश्रम के आचार्य राकेश महाराज ने रामनवमी के संदर्भ में भगवान श्रीराम से सिख लेते हुए दानव रूपी बुरे विचारों को त्याग कर प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलते हुए अपने कर्तव्यों को न भूलने की बात कही। अपने ओजस्वी भाषण से सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही राष्ट्र निर्माण में जुटने को कहा। सभी वक्ताओं ने अपनी वाणी से श्री राम पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने तरीके से अपनी बात रखी। तुरंगा आश्रम के आचार्य राकेश महाराज ने रामनवमी के संदर्भ में भगवान श्रीराम से सिख लेते हुए दानव रूपी बुरे विचारों को त्याग कर प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलते हुए अपने कर्तव्यों को भी न भूलने की बात कही। अपने ओजस्वी भाषण से सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही राष्ट्र निर्माण में जुटने को कहा। सभा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, राजाराम तोड़ेंम, योगेन्द्र पांडेय, हेमंत पांडेय, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज सामूहिक उपनयन संस्कार पश्चात शहर में शोभायात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष, युवक-युवतियां व बच्चे सम्मिलित हुए। जगन्नाथ मंदिर में 2 बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया। इस दौरान बस्तर क्षत्रिय राजपूत धाकड़ समाज द्वारा समुंद चौक स्थित श्रीराम मंदिर से श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते वापस श्रीराम मंदिर पहुंच महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।



### श्रीराम कथा श्रवण करने हजारों की भीड़ उमड़ी

सभा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रहे। योगेन्द्र पांडेय, हेमंत पांडेय, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद के जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री विभूति भूषण पांडे, प्रदेश संगठन मंत्री नन्द दास दंडोतिया, रायगढ़ जिले में पुसौर प्रखंड, तुरंगा आर्य गुरुकुल के संचालक आचार्य राकेश महाराज, विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, योगेन्द्र कौशिक,बस्तर राज परिवार के महाराजा कमल चंद्र भंजदेव, शंकर लाल गुप्ता, अमन शर्मा, पवन राजपूत, दशरथ कश्यप मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान प्रेम चालकी, नवीन देवांगन, पंकज मिश्रा, गौरव ठाकर नरेश कोरी विष्णु ठाकुर, सुरेंद्र तिवारी, अनिल अग्रवाल,घनश्याम नाग, मातृशक्ति संयोजिका हेमा गुरुवारा, उमा गुप्ता, जबिता मंडावी, प्रज्ञा आचार्य सुशीला साओ,आस्था गुप्ता अलका गुप्ता, सुनिता कुशवाहा, अन्य उपस्थित रहे। हिंदू संगठनों द्वारा जगह जगह भंडारे की व्यवस्था की गई। नागपुर महाराष्ट्र से पहुंचा दल शोभायात्रा के आगे ढोल ताशा वादन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें लगभग 60 लोगो की टोली थी, जिसमें सभी ढोल वाद्य यंत्र से सुसज्जित थे।

## माता का दर्शन ...



**जगदलपुर।** नवरात्रि पर प्राचीन मुख्य भगवती हिंगलाज माता मूल नव निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक किरण देव अपने साथियों के साथ माता के दर्शन पूजन कर ठाकुर अजय सिंह बैस सहित, परिवार जनों, बेड़ागांव पुजारी परिवार, मांझी चालाकी, परगनिया कोटवार, पड़ियार, डोलहा, डोलहीन, सेवादार से भेंट की। रियासत कालीन इस मंदिर के सुविधाओं के विस्तार में सहयोग का आश्वासन दिया। रामनवमी में पूर्णाहुती के उपरांत कन्या पूजन कर सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान में कामख्या आसाम से पधारे पंडित घनश्याम घिमरे, जयराम द्विवेदी, दयाराम कटेल, रतन कटेल सहित बेड़ागांव मंदिर के कुल पुरोहित शिवप्रसाद पांडे मटनार ने संपन्न कराया।

## स्थापना दिवस पर विधायक विनायक ने दिए पानी टैंकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत करंजी में विधायक विनायक गोयल द्वारा पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है और आज हम ग्राम पंचायत करंजी में पानी की समस्या का समाधान करने हेतु पानी टैंकर प्रदान कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि यह कदम ग्रामीणों को पानी की कमी से राहत दिलाने के लिए उठाया गया है। हमारी पार्टी हमेशा से विकास और सुविधा के क्षेत्र में कार्यरत रही है और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नक्सल कमांडर हिड़मा के गांव पुवर्ती में लगा सुविधा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिल सके। शिविर के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार श्री योपेंद्र पात्रे ने बताया कि 4 अप्रैल को पुवर्ती में शिविर लगाकर 120 वोटर आईडी, 60 जन्म प्रमाण पत्र, 13 आधार पंजीयन और 22 पैन कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही 03 ग्रामीणों के बैंक अकाउंट भी खोले गए।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन-प्रशासन की सुविधाएं गांव गांव घर घर तक पहुँचने लगी हैं। पुवर्ती में सोलर के जरिए बिजली और पानी की सुविधा पहुंचाई गई है और प्रशासन के द्वारा कुछ घरों में टीवी भी प्रदान की गई है।

# जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना प्रथम दायित्व : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के दृढ़संकल्प एवं लगातार सक्रियता के चलते जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास

- 25 लाख से सड़क, पुलिया निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

कार्य हो रहे हैं। विधायक की सक्रियता के चलते क्षेत्र की जनमानस की बहुप्रतीक्षित मांग का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। रामनवमी पर विधायक हल्बा कचोरा पहुंचे जहां ग्रामवासियों ने स्वागत किया। देव ने माता गुड़ी पहुंच विधिवत पूजा अर्चना करते कुंवारी पूजन में शामिल होकर आशीर्वाद लिया। चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी के की प्रदेश वासियों एवं बस्तर वासियों को शुभकामनाएं दी। विधायक देव ने कहा विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य कर रही है। जिसके लिए मुख्यमंत्री का सहदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। हल्बा कचोरा में पुलिया, सडक, नाली निर्माण के लिए 12.73 लाख एवं हल्बा कचोरा में विभिन्न स्थानों में सी सी सडक निर्माण लागत 12 लाख की राशि कुल 24.73 लाख का विधिवत भूमिपूजन विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। देव का ग्रामवासियों ने गजमाला से भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

वहीं हल्बा कचोरा के जनता ने अपने विधायक के समक्ष गंगादई माता गुड़ी में शेड व बाउंड्री वॉल की मांग रखी है जिस पर उन्होंने जल्द निमार्ण करने की घोषणा किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद सदस्य श्रीती शर्मा, सरपंच जयमनी कश्यप, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप देवांगन, राजेश शर्मा, हरि साहू, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, राधे, रूपेश समरथ व अन्य उपस्थित थे।

## मानवता की मिसाल बनेंगे जैन समाज के युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हाता ग्राउण्ड में 8 दिवसीय महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 प्रतियोगिता जगदलपुर वासियों को आपात स्थिति में एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के

- क्रिकेट प्रतियोगिता के जरिए जनता को उपलब्ध करायेंगे एंबुलेंस

उद्देश्य से आयोजित की गई है ताकि प्रतियोगिता के दौरान सभी के सहयोग से एंबुलेंस सेवा का संचालन किया जा सके। शनिवार को हाता ग्राउण्ड में क्षमा 11 एवं विनम्र 11 के मध्य मैच खेला गया। जिसमें क्षमा 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाकर 12 ओवर से पहले ही पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जीत के लिए जरूरी स्कोर 58 रन तक पहुंचने के लिए विनम्र 11 के खिलाड़ियों में मध्यक्रम के तूफानी बल्लेबाज संयम जैन की 11 गेंदों ने 26 रन की नाबाद पारी का अहम योगदान रहा। जिन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 236.36 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए। और विनम्र 11 ने 7.3 ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 60 बनाकर 7 विकेट से टीम ने यह मैच जीत लिया। यह जानकारी जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के मीड़िया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा एवं मनीष पारख ने दी।

## स्थापना दिवस में ध्वजारोहण कर मरीजों को दिए फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भाजपा के स्थापना दिवस पर लोहण्डीगुड़ा मण्डल कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विधायक विनायक गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक पार्टी ने देशवासियों की सेवा में हर संभव योगदान दिया है। इस मौके पर हम स्वास्थ्य केंद्र लोहण्डीगुड़ा में मरीजों को फल वितरण करके उनकी सेहत का ख्याल रख रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि भाजपा हमेशा समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए काम करती आई है और आगे भी इसी तरह के जनहित कार्यों के माध्यम से जनता की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमनी कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक चैतराम शोभायात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ हुए शामिल



**दंतेवाड़ा।** रामनवमी उत्सव समिति दंतेवाड़ा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा, झांकी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। विधायक चैतराम अटामी भी शोभायात्रा में भाजपा पदाघिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ शामिल हुए। विधायक ने सफल आयोजन हेतु आयोजनकर्ताओं की प्रशंसा की, रैली में शामिल भारी संख्या में सनातनी भाई एवं बेहनो को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ से मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम जी का आत्मीय नाता रहा है,माता कौशल्या की इस पावन भूमि के कण कण से भांचा प्रभु श्री रामचंद्र जी का नाता है,14 वर्ष के वनवास के दौरान 10 वर्ष प्रभु रामचंद्र जी ने दंडकारण्य में बिताये जिसका बस्तर हिस्सा है। इस दौरान प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य कमलविनाय नाग, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त, प्रियंका बेहरा, निखिल नाग, डे नारायण समेत भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण, वरिष्ठगण, सनातनी माताएं एवं भाई बहने उपस्थित हुए।

### हर्षोल्लास से मनी रामनवमी



**कोण्टा।** रामनवमी के पावन पर्व पर पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेन्ट 219 बटालियन के निर्देशन में 219 बटालियन सीआरपीएफ, इंजराम मे हवन-पूजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित सभी अधिकारीगणों व जवानों द्वारा हवन, पूजा अर्चना कर इलाके की सुख, समृद्धि व शांति हेतु प्रार्थना की गई तत्पश्चात इंजराम एवं आसपास के गाँव के ग्रामीणों को भंडारे में प्रसाद हेतु आमंत्रित किया गया। सभी ग्रामीणों एवं बच्चो ने महाप्रसाद का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेन्ट 219 बटालियन अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी टी. भगद सिंह उप. कमाण्डेन्ट काना राम चौधरी सहा. कमाण्डेन्ट गौरव सिंह (मसहा. कमाण्डेन्ट डॉ. मोहम्मद इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश करोल चिकित्सा अधिकारी 219 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक के साथ साथ आस पास के गावों के ग्रामीण व बच्चे भी उपस्थित रहे।

